Subject Code : **7210/TFU-HIN/GLE-III**

Question Booklet No. 790591

परीक्षा केन्द्राध्यक्ष की मोहर
Seal of Superintendent of Examination Centre

C.G. SET- 2017
Paper-III
Hindi

परीक्षार्थी द्वारा बॉल-प्वाइण्ट पेन से भरा जाए
To be filled in by Candidate by Ball-Point pen only

अनुक्रमांक
Roll No.

उत्तर-शीट का क्रमांक
Sl. No. of Answer-Sheet

**घोषणा : मैंने नीचे दिये गये निर्देश अच्छी तरह पढ़कर समझ लिए हैं।**
**Declaration : I have read and understood the instructions given below.**

वीक्षक के हस्ताक्षर
(Signature of Invigilator)..................................

वीक्षक के नाम
(Name of Invigilator) ..........................................

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
(Signature of Candidate)..........................................

अभ्यर्थी का नाम
(Name of Candidate) ..........................................

**Paper : III Subject : HINDI** | **Time : 2 Hour 30 Minutes** | **Maximum Marks : 150**

| | |
|---|---|
| **इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या** / **Number of Pages in this Question Booklet** | **20** |
| **इस प्रश्न-पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या** / **Number of Questions in this Question Booklet** | **75** |

## INSTRUCTION TO CANDIDATES

1. Immediately after getting the Booklet read instructions carefully, mentioned on the front and back page of the Question Booklet and do not open the seal given on the right hand side, unless asked by the invigilator. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet. As soon as you are instructed to open the booklet in the first 5 minutes you should compulsorily tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately within 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
2. Write your Roll No., Answer-Sheet No., in the specified places given above and put your signature.
3. Make all entries in the OMR Answer-Sheet as per the given instructions, otherwise Answer-Sheet will not be evaluated.
4. For each question in the Question Booklet choose only one correct/most appropriate answer, out of four options given and darken the circle provided against that option in the OMR Answer-Sheet, bearing the same serial number of the question. Darken the circle with **Black or Blue ball-point pen** only.
5. Darken the circle of chosen option fully, otherwise answers will not be evaluated.

   Example : (A) ● (C) (D) **If (B) is correct answer.**
6. There are **75** objective type questions in this Booklet. All questions are compulsory and carry **2** marks each.
7. Do not write anything anywhere in the Question Booklet or on the Answer-Sheet except making entries in the specified places. Rough work is to be done in the space provided in this booklet.
8. When the examination is over, original OMR Answer Sheet is to be handed over to the invigilator before leaving the examination hall, while the Question Booklet and carbon copy of the Answer-Sheet can be retained by the candidate.
9. There is no negative marks for incorrect answer.
10. Use of any calculator/log table/mobile phone is prohibited.

## अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका मिलते ही मुख पृष्ठ एवं अंतिम पृष्ठ में दिए गए निर्देशों व अच्छी तरह पढ़ लें। दाहिनी ओर लगी सील को वीक्षक के कहने से पूर्व खोलें। स्टीकर सील के बगैर प्रश्न पुस्तिका या खुले हुये प्रश्न पुस्तिका व स्वीकार न करें। प्रश्न पुस्तिका को खोलने के लिए जैसा ही कहा जाये प्रथम 5 मिनिट में अनिवार्यतः मुख पृष्ठ पर अंकित पृष्ठों की संख्या एवं प्रश् की संख्या को पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या एवं प्रश्नों की संख्या से मिला कर लेवें। पृष्ठों/प्रश्नों का छूटना या पुनः मुद्रित हो जाना या क्रम में न रहना या अन्य किसी विरोधाभास के कारण प्राप्त त्रुटिपूर्ण प्रश्न पुस्तिका व इन्हीं 5 मिनिट के अंदर बदलवा लेवें। इसके पश्चात न ही प्रश्न पुस्ति बदला जा सकता है और न ही कोई अतिरिक्त समय दिया जायेगा।
2. ऊपर दिए हुए निर्धारित स्थानों में अपना अनुक्रमांक, उत्तर-पुस्तिका व क्रमांक लिखें तथा अपने हस्ताक्षर करें।
3. ओ.एम.आर. उत्तर-शीट में समस्त प्रविष्टियां दिये गये निर्देशानुसार व अन्यथा उत्तर-शीट का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।
4. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु प्रश्न-पुस्तिका में प्रश्न के नीचे दिए गए च विकल्पों में से सही/सबसे उपयुक्त केवल एक ही विकल्प का चयन व ओ.एम.आर. उत्तर-शीट में उसी विकल्प वाले गोले को, जो उस प्रश्न सरल क्रमांक से सम्बंधित हो, **काले या नीले बॉल-प्वाइण्ट पेन** से भरें
5. सही उत्तर वाले गोले को अच्छी तरह से भरें, अन्यथा उत्तरों का मूल्यांव नहीं होगा।

   **उदाहरण :** (A) ● (C) (D) **यदि (B) उत्तर सही है।**
6. प्रश्न-पुस्तिका में 75 वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के लि 2 अंक निर्धारित है। सभी प्रश्न अनिवार्य है।
7. प्रश्न-पुस्तिका तथा उत्तर-शीट में निर्दिष्ट स्थानों पर प्रविष्टियां भरने के अतिरि कहीं भी कुछ न लिखें। रफ कार्य, इस पुस्तिका में उपलब्ध स्थान पर क
8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त तथा कक्ष छोड़ने के पूर्व मूल ओ.एम.आ उत्तर-शीट वीक्षक को सौंपा जाए। प्रश्न-पुस्तिका एवं उत्तर-शीट कार्बन कॉपी परीक्षार्थी अपने साथ ले जा सकते हैं।
9. ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जावेगा।
10. किसी भी तरह के कैलकुलेटर/लॉग टेबल/मोबाइल फोन का प्रयोग व है।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

1. "जायसी एकांतिक प्रेम की गूढ़ता और गंभीरता के बीच जीवन के और अंगों के साथ उस प्रेम के संपर्क का स्वरूप कुछ दिखाते गए हैं, इससे उनकी प्रेमगाथा पारिवारिक और सामाजिक जीवन से विच्छिन्न होने से बच गई है" –

उपर्युक्त कथन किसका है?

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) रामचंद्र शुक्ल

(C) भगीरथ मिश्र

(D) माताप्रसाद गुप्त

2. निम्नांकित रचनाओं में जैन साहित्य की रचनाएँ कौन–कौन सी हैं?

(i) रेवंतगिरि रास

(ii) भरतेश्वरबाहुबलि रास

(iii) उपदेश रसायन रास

(iv) संदेश रासक

(v) बुद्धिरास

**कूट :**

(A) (i), (iii), (iv), (v)

(B) (i), (ii), (iii), (v)

(C) (ii), (iii), (iv), (v)

(D) उपर्युक्त सभी सही हैं

3. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने निम्नांकित में किन रचनाओं को सूरदास रचित माना है?

(i) सूरसागर

(ii) ज्ञानमंजरी

(iii) सूर सारावली

(iv) साहित्य लहरी

(v) राधा सुधानिधि

**कूट :**

(A) (i), (iii), (v)

(B) (i), (ii), (iii)

(C) (i), (ii), (iv)

(D) (i), (iii), (iv)

4. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | भरतेश्वरबाहुबलि रास | (i) | आसगु |
| (b) | चंदनबाला रास | (ii) | जिनधर्म सूरि |
| (c) | श्रावकाचार | (iii) | देवसेन |
| (d) | स्थूलिभद्र रास | (iv) | मुनि जिनविजय |
| | | (v) | सुमति गणि |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (v) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (v) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

5. निम्नलिखित सिद्धांतों/मतों का सुमेलन उनके प्रवर्तक आचार्यों के साथ कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | विशिष्टाद्वैतवाद | (i) | शंकराचार्य |
| (b) | शुद्धाद्वैतवाद | (ii) | निम्बार्काचार्य |
| (c) | द्वैताद्वैतवाद | (iii) | बल्लभाचार्य |
| (d) | द्वैतवाद | (iv) | रामानुजाचार्य |
| | | (v) | मध्वाचार्य |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (v) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (v) |
| (D) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

6. **स्थापना (Assertion) (A) :**

भाषा पर कबीर का जबरदस्त अधिकार था। वे वाणी के डिक्टेटर थे। जिस बात को उन्होंने जिस रूप में प्रकट करना चाहा हैं उसे उसी रूप में भाषा से कहलवा लिया - बन गया है तो सीधे-सीधे, नहीं तो दरेरा देकर।

**तर्क (Reason) (R) :**

क्योंकि कबीर पढ़े-लिखे नहीं थे और भाषा-प्रयोग के प्रति सजग नहीं थे।

**कूट :**

(A) **(A)** गलत **(R)** सही

(B) **(A)** सही **(R)** गलत

(C) **(A)** सही **(R)** सही

(D) **(A)** गलत **(R)** गलत

7. निम्नलिखित प्रबंधात्मक वीरकाव्यों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | छत्रप्रकाश | (i) | खुमान |
| (b) | नृसिंह चरित्र | (ii) | पद्माकर भट्ट |
| (c) | सूरजमल | (iii) | सूदन |
| (d) | हिम्मत बहादुर विस्दावली | (iv) | लाल कवि |
| | | (v) | देव |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (B) | (i) | (iii) | (v) | (ii) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (v) | (ii) | (iii) | (iv) |

8. निम्नलिखित रचनाकारों को उनके मुक्तक शैली में रचित कृष्ण-काव्य के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | हितवृंदावन दास | (i) | समय प्रबंध |
| (b) | नागरी दास | (ii) | लीला विंशति |
| (c) | पीताम्बर दास | (iii) | ब्रज प्रेमानंद सागर |
| (d) | रूपरसिक देव | (iv) | जुगलरस माधुरी |
| | | (v) | माधुर्य लहरी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (v) | (i) | (ii) |
| (B) | (v) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

9. निम्नलिखित रीतिकालीन राम-काव्यों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | कविज रत्नाकर | (i) | नवल सिंह |
| (b) | अवध सागर | (ii) | विश्वनाथ सिंह |
| (c) | रामचन्द्र विलास | (iii) | सेनापति |
| (d) | संगीत रघुनन्दन | (iv) | जानकी रसिक शरण |
| | | (v) | रामप्रिया शरण |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

10. निम्नलिखित रीतिकालीन प्रेमाख्यान काव्यों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | चंद्रकुंवर री बात | (i) | जनकुंज |
| (b) | उषा चरित्र | (ii) | नूर मोहम्मद |
| (c) | नल दमयंती चरित्र | (iii) | सेवाराम |
| (d) | इंद्रावती | (iv) | हंस कवि |
| | | (v) | शेख निसार |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (B) | (v) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

11. **स्थापना (Assertion) (A) :**

कविता में सही स्थान पर पूरी सजगता के साथ स्वाभाविक तौर पर उपस्थित होकर ही अलंकार अपना महत्व स्थापित करते हैं।

**तर्क (Reason) (R) :**

क्योंकि अलंकार काव्य का साध्य नहीं साधन हैं।

**कूट :**

(A) **(A)** सही **(R)** सही

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** सही **(R)** गलत

(D) **(A)** गलत **(R)** गलत

12. **स्थापना (Assertion) (A) :**

जिस कविता से सहृदय के भावों का उद्वेलन न हो व कविता नहीं कही जा सकती।

**तर्क (Reason) (R) :**

क्योंकि कविता का मुख्य कार्य वैचारिक उथल-पुथ है।

**कूट :**

(A) **(A)** सही **(R)** सही

(B) **(A)** सही **(R)** गलत

(C) **(A)** गलत **(R)** गलत

(D) **(A)** गलत **(R)** सही

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

13. स्थापना (Assertion) (A) :

भूषण ने राष्ट्रीय अथवा जातीय अभिमान के साथ वीर-भावना का सम्बन्ध स्थापित कर उसे एक नवीन आयाम प्रदान किया।

तर्क (Reason) (R) :

क्योंकि भूषण में राष्ट्रीयता की भावना प्रबल थी।

कूट :

(A) (A) सही (R) गलत

(B) (A) गलत (R) सही

(C) (A) सही (R) सही

(D) (A) गलत (R) गलत

14. निम्नलिखित छायावादी कवियों को उनके जन्मकाल के अनुसार आरोही क्रम में लिखिए :

(A) प्रसाद, महादेवी, निराला, पंत

(B) निराला, पंत, प्रसाद, महादेवी

(C) प्रसाद, पंत, महादेवी, निराला

(D) प्रसाद, निराला, पंत, महादेवी

15. निम्न रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | कामायनी | (i) | मुक्ति बोध |
| (b) | कुकुरमुत्ता | (ii) | निराला |
| (c) | नदी के द्वीप | (iii) | प्रसाद |
| (d) | अंधेरे में | (iv) | अज्ञेय |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

16. स्थापना (Assertion) (A) :

कबीर की विचारधारा को किसी जड़ीभूत दार्शनिक सिद्धान्तवाद का नाम नहीं दिया जा सकता।

तर्क (Reason) (R) :

कबीर 'प्रयोगवाद' काव्य धारा के कवि थे।

कूट :

(A) (A) गलत (R) सही

(B) (A) सही (R) गलत

(C) (A), (R) दोनों गलत

(D) (A), (R) दोनों सही

17. स्थापना (Assertion) (A) :

प्रसाद की नाट्य रचनाओं का प्रधान स्वर नारी जागरण और नारी मुक्ति है।

तर्क (Reason) (R) :

उनके नारी पात्र अधिकांशत: प्रखर प्रतिभा के धनी हैं।

कूट :

(A) (A) सही और (R) सही

(B) (A) सही, (R) गलत

(C) (A) गलत (R) सही

(D) (A) गलत (R) गलत

18. 'छायावाद का पतन' पुस्तक के लेखक हैं :

(A) शिवदानसिंह चौहान

(B) डॉ. देवराज

(C) विष्णुकान्त शास्त्री

(D) शिवप्रसाद सिंह

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

19. स्थापना (Assertion) (A) :

धर्म का मूलाधार विद्या और ज्ञान नहीं, सीधी अनुभूति है।

तर्क (Reason) (R) :

धर्म मनुष्य के भीतर निहित अनुभूति से ही स्पष्ट होता है।

कूट :

(A) (A) सही (R) सही

(B) (A) सही (R) गलत

(C) (A) गलत (R) सही

(D) (A) गलत (R) गलत

20. निम्नलिखित कहानियों को उनके कहानीकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | लालपान की बेगम | (i) | निर्मल वर्मा |
| (b) | एक औरत की ज़िंदगी | (ii) | ओमप्रकाश वाल्मीकि |
| (c) | पच्चीस चौका डेढ़ सौ | (iii) | सत्यप्रकाश |
| (d) | लंदन की एक रात | (iv) | रामदरश मिश्र |
| | | (v) | फणीश्वरनाथ रेणु |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (v) | (iv) |
| (B) | (v) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (v) |

21. निम्नलिखित उपन्यासों को उनके पात्रों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | गबन | (i) | मृणाल |
| (b) | नदी के द्वीप | (ii) | डॉ. प्रशांत |
| (c) | मैला आंचल | (iii) | जालपा |
| (d) | बाणभट्ट की आत्मकथा | (iv) | भुवन |
| | | (v) | निपुणिका |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (ii) | (v) |
| (B) | (ii) | (i) | (v) | (iv) |
| (C) | (v) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

22. निम्नलिखित कृतियों को उनकी विधा के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | लहरों के राजहंस | (i) | उपन्यास |
| (b) | मुर्दहिया | (ii) | निबंध |
| (c) | आधा गांव | (iii) | संस्मरण |
| (d) | तुम चंदन हम पानी | (iv) | आत्मकथा |
| | | (v) | नाटक |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (v) | (ii) | (iii) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (D) | (ii) | (iii) | (v) | (iv) |

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

23. निम्नलिखित रचनाकारों को उनके यात्रासाहित्य के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | निर्मल वर्मा | (i) | अरे यायावर रहेगा याद |
| (b) | रामवृक्ष बेनीपुरी | (ii) | योरूप के पत्र |
| (c) | धीरेंद्र वर्मा | (iii) | मेरी कैलाश यात्रा |
| (d) | अज्ञेय | (iv) | पैरों में पंख बांधकर |
| | | (v) | चीड़ों पर चांदनी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (v) | (iv) |
| (B) | (v) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (ii) | (v) | (iii) | (i) |
| (D) | (iv) | (v) | (i) | (ii) |

24. निम्नलिखित आत्मकथाओं का आत्मकथाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | रमणिका गुप्ता | (i) | अन्या से अनन्या |
| (b) | प्रभा खेतान | (ii) | दोहरा अभिशाप |
| (c) | सुशीला टाकभौरे | (iii) | कूड़ाकबाड़ा |
| (d) | कौशल्या बैसंती | (iv) | हादसे |
| | | (v) | शिकंजे का दर्द |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iii) | (v) | (ii) | (i) |
| (C) | (iv) | (i) | (v) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

25. नाटक और नाटककारों की रचनाओं को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | माता प्रसाद | (i) | मंदिर प्रवेश |
| (b) | सूरजपाल चौहान | (ii) | रंग और व्यंग्य |
| (c) | कर्मशील भारती | (iii) | गुरुदक्षिणा |
| (d) | सुशीला टाकभौरे | (iv) | अछूत का बेटा |
| | | (v) | छू नहीं सकता |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (v) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (v) |
| (C) | (iv) | (v) | (i) | (ii) |
| (D) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |

26. **स्थापना (Assertion) (A) :**

नारी सुधार के लिए नारी को सचेत, जागृत और चेतना भर देने का कार्य केवल नारी अभिव्यक्ति ही कर सकती है।

**तर्क (Reason) (R) :**

नारी संबंधी सृजनात्मक लेखन और स्त्री-विमर्श दोनों कार्य पृथक है।

**कूट :**

(A) **(A)** गलत **(R)** सही

(B) **(A)** सही **(R)** गलत

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

27. **स्थापना (Assertion) (A) :**

साहित्य की साधना विशुद्ध रूप से विश्व के साथ एकत्व अनुभव करने की साधना है।

**तर्क (Reason) (R) :**

साहित्य विश्वबंधुत्व की भावना को पुष्ट रूप से खंडित करता है।

**कूट :**

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(B) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(C) **(A)** सही **(R)** गलत

(D) **(A)** गलत **(R)** सही

28. **स्थापना (Assertion) (A) :**

दलित साहित्य की पीड़ा स्वानुभूति की है, सहानुभूति की नहीं।

**तर्क (Reason) (R) :**

सहानुभूति और स्वानुभूति पृथक-पृथक नहीं होती।

**कूट :**

(A) **(A)** गलत **(R)** सही

(B) **(A)** सही **(R)** गलत

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

29. **स्थापना (Assertion) (A) :**

आत्मकथा में जीवन के खट्टे-मीठे अनुभवों का शृंखलाबद्ध विवरण स्वयं लिखा होता है।

**तर्क (Reason) (R) :**

आत्मकथा जीवन की चौथी आवस्था में लिखी जाती है। दलित आत्मकथा स्व-कथन हैं। स्वकथन और आत्मकथा में अंतर होता है।

**कूट :**

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(D) **(A)** और **(R)** दोनों सही

30. **स्थापना (Assertion) (A) :**

भारतेंदु हरिश्चंद्र ने अपने मौलिक और अनूदित नाटकों के द्वारा हिंदी साहित्य के लिए विशेष उल्लेखनीय काम किया है। नाटकों के माध्यम से उन्होंने हिंदी को लोकप्रिय बनाया।

**तर्क (Reason) (R) :**

भारतेंदु ने पूर्वनियोजित रूप से यह कार्य करने की ठान ली थी।

**कूट :**

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

31. **स्थापना (Assertion) (A) :**

संतकाव्य अकृत्रिम, सहज एवं अनुभूतिजन्य है। आचरण की शुद्धता पर बल देकर एवं बाह्याडंबरों का खण्डन करके उन्होंने समाज को एक नई दिशा दी।

**तर्क (Reason) (R) :**

लोकहित एवं लोकमंगल का भाव भक्तिकालीन संत कवियों का प्रयोजन था।

**कूट :**

(A) **(A)** सही और **(R)** गलत

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(C) **(A)** गलत **(R)** सही

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

32. प्रकाशन वर्ष के अनुसार भारतेंदु के नाटकों का **सही** अनुक्रम हैं :

(A) प्रेमयोगिनी, भारत-दुर्दशा, नीलदेवी, अंधेर नगरी

(B) भारत-दुर्दशा, नीलदेवी, अंधेर नगरी, प्रेमयोगिनी

(C) नीलदेवी, भारत-दुर्दशा, प्रेमयोगिनी, अंधेर नगरी

(D) अंधेर नगरी, प्रेमयोगिनी, नीलदेवी, भारत-दुर्दशा

33. अज्ञेय किस काव्यधारा के प्रवर्तक माने जाते हैं ?

(A) छायावाद

(B) प्रयोगवाद

(C) रोमांटिसिज्म

(D) प्रगतिवाद

34. 'आँगन के पार द्वार' रचना किसकी है ?

(A) अज्ञेय

(B) भवानीप्रसाद मिश्र

(C) मुक्तिबोध

(D) केदारनाथ अग्रवाल

35. 'भस्मांकुर' के कवि कौन हैं' ?

(A) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

(B) दिनकर

(C) नागार्जुन

(D) शमशेर

36. कुँवरनारायण की 'आत्मजयी' में प्रमुख पात्र कौन है ?

(A) कर्ण

(B) कृष्ण

(C) युधिष्ठिर

(D) नचिकेता

37. 'रामदास की हत्या' किसकी कविता है ?

(A) शमशेर

(B) रघुवीर सहाय

(C) अज्ञेय

(D) धूमिल

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह**

38. ''प्रतिभैव श्रुताभ्याससहिता कवितां प्रति।

हेतुर्मृदम्बुसम्बद्ध बीजोत्पत्तिर्लतामिव ॥''

उक्त कथन किस आचार्य का है?

(A) दंडी

(B) भामह

(C) हेमचंद्र

(D) जयदेव

39. ''सद्यः परनिर्वृत्तये'' को किस आचार्य ने प्रमुख काव्यप्रयोजन माना है?

(A) मम्मट

(B) वामन

(C) कुन्तक

(D) भामह

40. ''धर्मार्थकाम मोक्षेषु वैचक्षण्यं कलासु च।

करोति कीर्तिं प्रीतिं च साधुकाव्यनिबंधनम्।''

काव्य प्रयोजन के संबंध में कहा गया उक्त श्लोक किस आचार्य का है?

(A) भरत

(B) मम्मट

(C) भामह

(D) विश्वनाथ

41. भरत के प्रसिद्ध रस सूत्र ''विभावानुभाव व्यभिचारि-संयोगाद्रसनिष्पत्तिः'' में रस के किस अवयव का उल्लेख **नहीं** है?

(A) स्थायी

(B) उद्दीपन

(C) आलंबन

(D) संचारी

42. ''गिरै कंपि कछु कछु रहै कर पसीजि लपटाय लीने मुठी गुलाल भरि छुटत झुठी हवै जाय।''

उक्त दोहा निम्नलिखित में से किस विषय का उत्कृष्ट उदाहरण है?

(A) विभाव

(B) अनुभाव

(C) संचारीभाव

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

43. निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तक रामविलास शर्मा की **नहीं** है?

(A) भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेश

(B) हिन्दी जाति का साहित्य

(C) साहित्य के समाजशास्त्र की भूमिका

(D) प्रगतिशील साहित्य की समस्याएँ

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

44. अरस्तू के कलात्मक अनुकरण का विषय क्या है ?

(A) क्रियाशील मनुष्य

(B) कल्पना

(C) प्रकृति

(D) यथार्थ

45. लौंजाइनस ने रचना की उदात्तता के लिए कितने गुणों का समाहार आवश्यक माना है ?

(A) तीन

(B) चार

(C) पाँच

(D) सात

46. विरेचन किसका दूसरा नाम है ?

(A) क्रोध

(B) आलस्य

(C) शुद्धिकरण

(D) लेप

47. क्रोचे का अभित्यंजनावाद कुन्तक के वक्रोन्रित सिद्धान्त का विलायती उत्थान है। – ऐसा किसने कहा है ?

(A) रामविलास शर्मा

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(D) नगेन्द्र

48. लोंजाइनस ने किस कला को आधार बनाकर सिद्धान्त को प्रतिपादित किया है ?

(A) चित्रकला

(B) नृत्यकला

(C) संगीतकला

(D) भाषण कला

49. रिचर्ड्स के अनुसार कवि में संप्रेषण की क्षमता होनी चाहिए ?

(A) इमानदारी से अनुभूति को पुनः प्रस्तुत की क्षमता रखता हो

(B) कवि में कुछ ही बातों को अभिव्यक्ति दे क्षमता हो

(C) लाक्षणिक शैली में कहने की क्षमता हो

(D) काव्यात्मक शैली में कहने की क्षमता हो

50. **स्थापना (Assertion) (A) :**

नया समीक्षक यह मानता है कि सर्जक के स प्रेषणीयता का नहीं अभिव्यक्ति का प्रश्न रहता है

**तर्क (Reason) (R) :**

क्योंकि शब्द सामुहिक संपत्ति है संप्रेषण के लिए शब्द नहीं मिलते।

**कूट :**

(A) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(B) **(R)** सही **(A)** गलत

(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही

(D) **(A)** सही और **(R)** गलत

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

51. सुमेल कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | ऐलेन टेट | (i) | काव्य में उदात्त तत्व |
| (b) | लोंजाइनस | (ii) | अभिव्यंजनावाद |
| (c) | क्रोचे | (iii) | नयी समीक्षा |
| (d) | रिचर्ड्स | (iv) | संप्रेषण सिद्धान्त |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

52. ''बहुविध चित्र बनाय कै, हरि रच्यौ क्रीड़ा-रास।
जेहि न इच्छा झूलिबे की, ऐसी बुधि केहि पास॥''
उपर्युक्त पंक्तियाँ हैं :

(A) कबीरदास
(B) तुलसीदास
(C) सुंदरदास
(D) सूरदास

53. ''सुतल रहलूँ मैं नींद भरि हो, पिया दिहलैं जगाय चरन-कँवल के अंजन हो नैना ले लूँ लगाय'' –
उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(A) धर्मदास
(B) मलूकदास
(C) लालदास
(D) कबीरदास

54. 'हरे हरे प्रान तजहिं सब नारी' – जायसी की इस पंक्ति में 'हरे हरे' एवं 'नारी' का अर्थ है :

(A) हरे रंग से युक्त एवं स्त्री
(B) धीरे-धीरे एवं नाड़ी
(C) थम-थम कर एवं समस्त स्त्रियाँ
(D) हरित वस्त्र धारण किए हुए स्त्रियाँ

55. निम्नांकित में तुलसीदास रचित पंक्तियों के विकल्प का चयन कीजिए :

(i) सुनि अस लिखा उठा जरि राजा।
जानहु देब तड़पि घन गाजा॥

(ii) नृपन केरि आसा निसि नासी।
वचन नखत अवली न प्रकासी॥

(iii) स्वास समीर भेंट भइ भोरेहु तेहि मग पग न धर्‌यो तिहुँ पौन

(iv) जो सुख चहै तो लज्जा त्यागै, पिय से हिल-मिलि लागै।

(v) पेड़ काटि तै पालव सींचा।
मीन जियन हित बारि उलीचा॥

**कूट :**

(A) (ii), (iii), (v)
(B) (i), (ii), (v)
(C) (ii), (iv), (v)
(D) (i), (iii), (v)

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

56. निम्नलिखित में 'नागमति वियोग खंड' की पंक्तियाँ **नहीं** हैं :

(i) धरती बान बेधि सब राखी।
साखी ठाढ़ देहिं सब साखी॥

(ii) सात समुद सत कीन्ह सँभारू।
जौं धरती, का गुरुअ पहारू॥

(iii) पुनि बसंत ऋतु आव नवेली।
सो रस, सो मधुकर, सो बेली॥

(iv) चुइ चुइ काजर आँचर भीजा।
तबहुँ न पिउ कर रोवँ पसीजा॥

(v) नैन सीप, मोती भरि आँसू।
टुटि टुटि परहिं करहिं तन नासू॥

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv)

(B) (i), (ii), (iv), (v)

(C) (ii), (iii), (iv), (v)

(D) (i), (ii), (iii), (v)

57. निम्नलिखित में सूरदास की पंक्तियाँ हैं :

(i) ब्रजलोचन बिनु लोचन कैसे?
प्रति छिन अति दुख बाढ़त।

(ii) गहै बीन मकु रैनि बिहाई।
ससिबाहन तहँ रहे ओनाई॥

(iii) याही भाँति बुलाय, मुकुर महि अति बल खंड खंड करि डारि॥

(iv) चल चकई! वा सर विषय जहँ नहिं रैन विछोह।
रहत एकरस दिवस ही सुहृद हंस संदोह॥

(v) सूत मागध बदत बिरुदहि बरनि बसुद्यौ तात।
राजभूषण अंग भ्राजत, अहिर कहत लजात॥

**कूट :**

(A) (i), (ii), (iii)

(B) (i), (iii), (iv)

(C) (i), (iii), (v)

(D) (i), (iv), (v)

58. निम्नलिखित काव्य पंक्तियों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | हाथ में नरियल मुख में बीड़ा, मोतियन माँग भरी | (i) | तुलसी |
| (b) | आइ सूर होइ तपु रे नाहा। तोहि बिनु जाड़न छूटै माहा | (ii) | सूर |
| (c) | हमहु कहब अब ठकुर सुहाती। नाहिं त मौन रहब दिन राती | (iii) | कबीर |
| (d) | बिरह बियोग स्यामसुंदर के ठाढ़े क्यों न जरे? | (iv) | जायसी |
| | | (v) | विद्यापति |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (C) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

59. "यदि कहीं सौंदर्य है तो प्रफुल्लता, शक्ति है तो प्रणति, शील है तो हर्षपुलक, गुण है तो आदर, पाप है तो घृणा, आत्याचार है तो, क्रोध, अलौकिकता है तो विस्मय, पाखण्ड है तो कुढ़न, शोक है तो करुण, आनंदोत्सव है तो उल्लास, उपकार है तो कृतज्ञता, महत्व है तो दीनता" – आचार्य शुक्ल ने किस कवि के लिए उक्त प्रयोग किया है?

(A) तुलसीदास

(B) सूरदास

(C) जायसी

(D) कबीर

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

60. "मधुकर स्याम हमारे चोर।
मन हरि लियौ माधुरी मूरति चितै नयन की कोर।" –
उपरोक्त पंक्तियों में है :

(A) पुनरावृत्ति
(B) ध्वन्यात्मकता
(C) विशेषण वक्रता
(D) इनमें से कोई नहीं

61. 'सूरदास हरि को सुमिरन करि बहुरि न भव चलि आवै' – में नवधा भक्ति का कौन-सा रूप है?

(A) वंदन
(B) आत्मनिवेदन
(C) कीर्तन
(D) नाम स्मरण

62. ज्ञानमार्गी, प्रेममार्गी, रामभक्ति धारा एवं कृष्णभक्ति धारा के निम्नांकित कवियों का सही अनुक्रम उपर्युक्त क्रमानुसार क्या होगा?

(i) सुंदरदास
(ii) नारायणदास
(iii) ईश्वरदास
(iv) ध्रुवदास

**कूट :**

(A) (ii), (i), (iv), (iii)
(B) (iv), (ii), (iii), (i)
(C) (iv), (iii), (ii), (i)
(D) (i), (ii), (iii), (iv)

63. "इसमें इतिहासकार की पराजय है तो हो। इतिहास मेरे लिए कुछ नहीं है; घटनाओं का अनुभव भी कुछ नहीं है। जीवन का अन्तिम मान है उसका प्यार।" किस पात्र के संवाद है?

(A) होरी
(B) प्रशान्त
(C) शशि
(D) शेखर

64. 'पद्मावत' में कितने खण्ड हैं?

(A) 15
(B) 28
(C) 42
(D) 58

65. निम्नलिखित आलोचकों को उनकी आलोचनात्मक कृतियों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | हजारी प्रसाद द्विवेदी | (i) | आधुनिक हिन्दी कविता के सर्जनात्मक संदर्भ |
| (b) | नंद दुलारे वाजपेयी | (ii) | रीति और शैली |
| (c) | रामविलास शर्मा | (iii) | छठवाँ दशक |
| (d) | विजयदेव नारायण साही | (iv) | मध्यकालीन धर्म साधना |
| | | (v) | भारतीय सौन्दर्य बोध और तुलसीदास |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (v) | (iii) |
| (B) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (v) | (iv) | (i) |
| (D) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

66. निम्नलिखित पुस्तकों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | नई कविता और अस्तित्ववाद | (i) | विश्वंभरनाथ उपाध्याय |
| (b) | आधुनिक हिन्दी कविता में प्रेम और शृंगार | (ii) | रांगेय राघव |
| (c) | हिन्दी साहित्य के अस्सी वर्ष | (iii) | नेमिचंद्र जैन |
| (d) | रंगदर्शन | (iv) | रामविलास शर्मा |
| | | (v) | शिवदान सिंह चौहान |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (v) |
| (C) | (iv) | (ii) | (v) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

67. निम्नलिखित पुस्तकों को उनके रचनाकारों के स सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | हिन्दी आलोचना की परंपरा और आचार्य रामचंद्र शुक्ल | (i) | रामचंद्र तिवा |
| (b) | उपन्यास और लोकतंत्र | (ii) | मैनेजर पाण्डे |
| (c) | लोकवादी तुलसीदास | (iii) | शिवकुमार मि |
| (d) | मध्यकालीन रसदर्शन और मध्यकालीन सौन्दर्यबोध | (iv) | रमेश कुंवल मे |
| | | (v) | विश्वनाथ त्रिपाठी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (v) | (iii) | (ii) |
| (B) | (v) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iii) | (ii) | (v) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

68. निम्नलिखित आलोचकों को उनकी कृतियों के सा सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | रामस्वरूप चतुर्वेदी | (i) | सामना |
| (b) | गोपाल राय | (ii) | मध्यकालीन हिन्दी काव्यभाषा |
| (c) | निर्मला जैन | (iii) | हिन्दी आलोचना का दूसरा पाठ |
| (d) | वीर भारत तलवार | (iv) | सिद्धान्त और अध्यय |
| | | (v) | उपन्यास की संरचना |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (v) | (ii) |
| (B) | (ii) | (v) | (iii) | (i) |
| (C) | (iii) | (ii) | (v) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (v) |

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

69. निम्नलिखित कथनों को उनके आलोचकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | सामूहिक आनंद की धारणा ही वेदान्त सत्ता के मूल में है। | (i) | हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| (b) | तुलसी का सारा काव्य समन्वय की विराट चेष्टा है। | (ii) | नगेन्द्र |
| (c) | नयी कविता का भी कल्याण इसी में है कि वह इस रसमय बंधनों को स्वीकार करले। | (iii) | नंद दुलारे वाजपेयी |
| (d) | भक्ति आन्दोलन एक जातीय और जनवादी आन्दोलन है। | (iv) | रामविलास शर्मा |
| | | (v) | रामस्वरूप चतुर्वेदी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (v) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (v) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

70. **स्थापना (Assertion) (A) :**

"शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्" आचार्य मम्मट द्वारा निरूपित संस्कृत की सर्वोत्तम परिभाषा है।

**तर्क (Reason) (R) :**

क्योंकि इससे बेहतर काव्य की परिभाषा नहीं दी जा सकती है।

**कूट :**

(A) **(A)** सही **(R)** गलत

(B) **(A)** गलत **(R)** सही

(C) **(A)** और **(R)** दोनों गलत

(D) **(A)** और **(R)** दोनों सही

71. निम्नलिखित में से राजेंद्र यादव का उपन्यास **नहीं** है :

(A) प्रेत बोलते हैं

(B) उखडे हुए-लोग

(C) शाह और मौत

(D) अंधेरे बंद कमरे

72. 'सचेतन कहानी आंदोलन' के साथ किसका नाम जुड़ा है?

(A) गंगाप्रसाद विमल

(B) कमलेश्वर

(C) अज्ञेय

(D) महीप सिंह

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

73. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित उपन्यासों का **सही** अनुक्रम पहचानिए :

(A) कठ गुलाब, बुंद और समुद्र, मैला आँचल, अमृत और विष

(B) मैला आँचल, बूंद और समुद्र, अमृत और विष, कठ गुलाब

(C) अमृत और विष, मैला आँचल, कठ गुलाब, बूंद और समुद्र

(D) बूंद और समुद्र, कठ गुलाब, मैला आँचल, अमृत और विष

74. प्रकाशन वर्ष के अनुसार जैनेंद्र के उपन्यासों का **सही** अनुक्रम हैं :

(A) सुनीता, त्यागपत्र, कल्याणी, विवर्त

(B) त्यागपत्र, विवर्त, सुनीता, कल्याणी

(C) कल्याणी, सुनीता, विवर्त, त्यागपत्र

(D) विवर्त, सुनीता, कल्याणी, त्यागपत्र

75. निम्नलिखित कहानियों को आरोहीक्रम में रचन की दृष्टि से लिखिए :

(A) पंचप्रमेश्वर, मलबे का मालिक, उसने था, आकाशदीप

(B) उसने कहा था, पंचप्रमेश्वर, आकाशदीप, का मालिक

(C) आकाशदीप, पंचप्रमेश्वर, उसने कहा था, का मालिक

(D) मलबे का मालिक, आकाश दीप, उसने था, पंचप्रमेश्वर

-o0o-

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

**उत्तर अंकित करने का समय : 2 घंटा 30 मिनिट**
**Time for marking answers : 2 Hour 30 Minutes**

**अधिकतम अंक : 15**
**Maximum Marks : 15**

**नोट :**

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में 75 प्रश्न है - प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्नों के उत्तर, दी गई OMR उत्तर-शीट (आंसर-शीट) पर अंकित कीजिए।

3. ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किया जावेगा।

4. किसी भी तरह के कैलकुलेटर या लॉग टेबल एवं मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित है।

5. OMR उत्तर-शीट (आंसर-शीट) का प्रयोग करते समय ऐसी कोई असावधानी न करें/बरतें जिससे यह फट जाये य उसमें मोड़ या सिलवट आदि पड़ जाये जिसके फलस्वरूप वह खराब हो जाये।

**Note :**

1. This Question Booklet contains **75** questions. Each question carries **2** marks. Answer al questions.

2. Indicate your answers on the OMR Answer-Sheet provided.

3. No negative marking will be done.

4. Use of any type of calculator or log table and mobile phone is prohibited.

5. While using OMR Answer-sheet care should be taken so that the Answer-sheet does not ge torn or spoiled due to folds and wrinkles.